महत्वपूर्ण/तत्काल

संख्याः54/2016/2454/33-3-2016-271/2016

प्रेषक,

राहुल भटनागर,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

पंचायतीराज अनुभाग-3 **लखनऊ दिनांकः 21 सितम्बर, 2016**

विषयः डेंगू, चिकनगुनिया तथा मलेरिया आदि बीमारियों की रोकथाम हेतु प्राथमिकता पर कार्यवाही किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान में प्रदेश में डेंगू, चिकनगुनिया एवं मलेरिया आदि मच्छरजनित बीमारियां फैली हुई हैं। गांवों में जगह-जगह बरसात एवं अन्य स्रोतों से पानी एकत्र हो जाता है। इस एकत्र पानी में मच्छरों का प्रजनन बहुत तेजी से होता है जिसके कारण उक्त मच्छरजनित बीमारियां फैलती हैं। यदि समय से इस इकठ्ठा हुए पानी एवं मच्छरों का निस्तारण नहीं किया गया तो उक्त बीमारियां व्यापक स्तर पर फैलने लगती हैं।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि कृपया उ0प्र0 की समस्त ग्राम सभाओं में एकत्र पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें जिससे मच्छर एवं उनके लार्वा न पनप सकें। इस हेतु दवाओं का छिड़काव भी कराया जाय जिसमें चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाय। ग्राम पंचायतों में उक्त कार्य कराये जाने हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है। ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा जन-सहभागिता से अपने क्षेत्रान्तर्गत ग्रामों में सफाई का विशेष अभियान चलाया जाय। ग्राम सभाओं में तैनात सफाई कर्मचारियों को भी अपनी तैनाती के ग्राम सभा के अन्तर्गत सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, कूड़ा-कचरा हटाने, पानी के ठहरने के स्थानों को चिन्हित करते हुए उसकी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नालियों की सफाई नियमित रूप से करने हेतु निर्देशित कर दिया जाय और इस कार्य का समुचित पर्यवेक्षण किया जाय। साथ ही ग्रामवासियों को एकत्र दूषित जल की निकासी तथा सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाय। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयो में विद्यार्थियों को प्रार्थना के उपरान्त उक्त बीमारियों के कारकों तथा बचाव के सम्बन्ध में अवगत कराया जाय।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राहुल भटनागर)
मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांकः- तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. **प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उ0प्र0 शासन।**
2. **प्रमुख सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन।**
3. **प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।**
4. **सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।**

आज्ञा से,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in